**भारत पेट्रोलियम ने ईमानदारी और सुशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मज़बूत करते हुए सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का उद्‌घाटन किया**

**मुंबई**, 27 अक्टूबर, 2025: फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनी और भारत की अग्रणी तेल एवं गैस कंपनियों में से एक, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने आज मुंबई स्थित अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का उद्‌घाटन किया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईपीएस श्री विवेक फनसालकर (पूर्व पुलिस आयुक्त, मुंबई) उपस्थित रहे।इस अवसर पर आईईएस, श्रीमती मीनाक्षी रावत (मुख्य सतर्कता अधिकारी, बीपीसीएल), श्री राजकुमार दुबे (निदेशक, मानव संसाधन), श्री शुभंकर सेन, निदेशक (विपणन) और श्री वेंकटरमन अय्यर, मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) भी उपस्थित थे।उद्‌घाटन समारोह में बीपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ व्यावसायिक इकाई और इकाई प्रमुखों ने व्यक्तिगत रूप से और पूरे भारत में लाइव वेबकास्ट के माध्यम से भाग लिया।

समारोह की शुरुआत निदेशक (मानव संसाधन) श्री राजकुमार दुबे द्वारा दिलाई गई सत्यनिष्ठा शपथ के साथ हुई, जिसमें नैतिक आचरण और पारदर्शिता के प्रति बीपीसीएल की सामूहिक प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई।

अपने उद्‌घाटन भाषण में, बीपीसीएल की मुख्य सतर्कता अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी रावत ने एक मज़बूत संस्थागत ढाँचे के निर्माण में ईमानदारी और सतर्कता के महत्व पर ज़ोर दिया।भ्रष्टाचार बोध सूचकांक में भारत की वर्तमान रैंकिंग का हवाला देते हुए, उन्होंने निरंतर सुधार और अधिक जवाबदेही का आह्वान किया।बीपीसीएल की मज़बूत शिकायत निवारण व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने कहा कि →उत्कृष्टता और शासन साथ-साथ चलने चाहिए।→ उन्होंने बीपीसीएल सतर्कता की सक्रिय पहलों, जैसे लगातार जागरूकता कार्यशालाओं, स्कूली बच्चों के लिए ईमानदारी क्लब कार्यक्रम और युवा पीढ़ी के कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने और उन्हें शामिल करने के उद्देश्य से सतर्कता केस स्टडी संग्रह 2025 के विमोचन, के बारे में भी बात की।

निदेशक (विपणन) श्री शुभंकर सेन ने अपने संबोधन में नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं के प्रति बीपीसीएल की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की।उन्होंने कहा, →ईमानदारी, विश्वास और नैतिकता ऐसे मूल मूल्य हैं जो प्रत्येक बीपीसीएल अधिकारी का मार्गदर्शन करते हैं।हमारा ध्यान संचालन के हर स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।→

मुख्य अतिथि श्री विवेक फनसालकर (सेवानिवृत्त आईपीएस) ने मुख्य भाषण देते हुए सार्वजनिक एवं व्यावसायिक जीवन में आत्म-अनुशासन, उत्तरदायित्व और मूल्य-आधारित आचरण के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि →प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य-बोध—चाहे वह कितना भी छोटा क्यों न हो—समाज

और राष्ट्र के व्यापक हित में योगदान देता है," और आगे कहा कि →यदि आप लोगों को महत्व देते हैं, तो लोग उनके काम को महत्व देंगे।→

इस अवसर पर, →केस स्टडी कम्पेंडियम 2025", →स्कूलों में ईमानदारी क्लब और एक बीपीसीएल पहल", और →विजिलेंस प्लस", एक त्रैमासिक समाचार पत्र यह तीन महत्वपूर्ण प्रकाशनों का विमोचन किया गया।जो ईमानदारी और जागरूकता की संस्कृति को मजबूत करने के बीपीसीएल के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक मनाया जा रहा। यह सप्ताह →सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी→ विषय पर आधारित है।पारदर्शिता, नैतिक आचरण और सहभागी सतर्कता को बढ़ावा देने के लिए देश भर में बीपीसीएल के कार्यालयों और इकाइयों में गतिविधियों और आउटरीच कार्यक्रमों की एक श्रृंखला की योजना बनाई गई है।

**भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) के बारे में:**
फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनी, भारत पेट्रोलियम भारत की दूसरी सबसे बड़ी ऑयल मार्केटिंग कंपनी है और एक एकीकृत ऊर्जा कंपनी है, जो कच्चे तेल के शोधन और पेट्रोलियम उत्पादों के विपणन में संलग्न है।कंपनी तेल और गैस उद्योग के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम दोनों क्षेत्रों में सक्रिय है।भारत पेट्रोलियम को प्रतिष्ठित "महारत्न" का दर्जा प्राप्त है, जिससे इसे अधिक संचालनात्मक और वित्तीय स्वायत्तता प्राप्त होती है।
भारत पेट्रोलियम की रिफाइनरियां - मुंबई, कोच्चि और बीना में स्थित हैं, जिनकी संयुक्त शोधन क्षमता लगभग 35.3 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (MMTPA) है।इसका विपणन ढांचा कई इंस्टॉलेशनों, डिपो, फ्यूल स्टेशन, एविएशन सर्विस स्टेशन और एलपीजी वितरकों के नेटवर्क से बना है।इसका वितरण नेटवर्क निम्नलिखित शामिल करता है:
23,500+ फ्यूल स्टेशन,6,200+ एलपीजी वितरक, 500+ ल्यूब्रिकेंट वितरक, 80 POL भंडारण स्थल, 54 एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, 79 एविएशन सर्विस स्टेशन, 5 ल्यूब ब्लेंडिंग प्लांट, और5 क्रॉस-कंट्री पाइपलाइंस।
भारत पेट्रोलियम अपनी रणनीति, निवेश, पर्यावरणीय और सामाजिक महत्वाकांक्षाओं को एकीकृत कर एक स्थायी भविष्य की ओर बढ़ रहा है।कंपनी ने 6500+ फ्यूल स्टेशनों पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए हैं टिकाऊ समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, कंपनी 2040 तक नेट ज़ीरो एनर्जी कंपनी (Scope 1 और Scope 2 उत्सर्जन में) बनने के लिए एक रोडमैप और इकोसिस्टम विकसित कर रही है।भारत पेट्रोलियम सामुदायिक भागीदारी के तहत शिक्षा, जल संरक्षण, कौशल विकास, स्वास्थ्य, सामुदायिक विकास, क्षमता निर्माण और कर्मचारियों की स्वयंसेवा जैसी पहलों का समर्थन करता है।
'एनरजाइज़िंग लाइव्स' को अपना मुख्य उद्देश्य मानते हुए, भारत पेट्रोलियम की दृष्टि है: प्रतिभा, नवाचार और प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए एक प्रशंसित वैश्विक ऊर्जा कंपनी बनना।

---

**For further details, please get in touch with;**

Raman Malik
Head (PR & Brand),
Email: malikr@bharatpetroleum.in
Phone: +91 22 22713340

Priyanka Shinde
M: +91 84335 78070
E: priyanka.shinde@conceptpr.com

Saurabh Jain,
Deputy General Manager (PR & Brand)
Email: jains4512@bharatpetroleum.in
Phone: + 91 9895095210